# A Plan for Care and Opportunity

**न्यूज़ रीलीज़** 28 मार्च, 2018

## देखभाल और अवसर के लिए योजना प्रदान करना

*ओंटारियो सेहत देखभाल,चाइल्ड केयर तथा मानसिक सेहत में निवेश करना जारी रख रहा है*

आज सरकार ने 2018 बजट जारी किया, जिस में सेहत देखभाल, बच्चों की देखभाल (चाइल्ड केयर) तथा मानसिक सेहत में महत्वपूर्ण नए निवेश तथा सारे प्रांत में लोगों कि लिए नौकरी के और अधिक अवसर उत्पन्न करने के लिए नए उपाय शामिल हैं। बजट ऐसी पहलों पर भी ध्यान केंद्रित करता है जो जीवन को और अधिक वहन करने योग्य (affordable) बनाती हैं तथा तेज़ आर्थिक तबदीली के समय में और अधिक वितीय सुरक्षा प्रदान करती हैं।

ओंटारियो की अर्थव्यवस्था मज़बूत हो रही है, बेरोज़गारी की दर लगभग दो दशकों में सब से कम पर है। फिर भी रहन- सहन की बढ़ती लागत तथा टिकाऊ, दीर्घावधि की नौकरियां ढूँढ़ना और अधिक मुश्किल होने के बीच, बहुत से लोग अपनी तथा अपने परिवारों की देखभाल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। जैसे तबदील हो रही अर्थव्यवस्था हमारे समाज के भीतर के फ़ासलों को बढ़ाती है, सरकार की प्रांत में हर किसी को आगे बढ़ने के लिए अवश्यक देखभाल तथा अवसर के साथ सहारा दे कर ज़्यादा न्याय संगत, बेहतर ओंटारियो का निर्माण करने की योजना है।

चार्ल्स सूज़ा, वित्त मंत्री ने आज बजट को विधान-सभा में पेश किया। अगर ये पास हो जाता है, ओंटारियो OHIP+ को 65 साल तथा उस से अधिक उम्र के सारे लोगों के लिए नि:शुल्क निर्धारित दवाओं के साथ बढ़ाएगा, मानसिक सेहत देखभाल तथा लतों संबंधी सेवाओं (addictions services) में सुधार करेगा, तथा ढाई साल की उमर के बच्चों के लिए उनके किंडरगार्टन के लिए योग्य हो जाने तक नि:शुल्क प्रीस्कूल चाइल्ड केयर की शुरुआत करेगा।

### देखभाल में निवेश करना

ओंटारियो यह चीजें करके उस बढ़ते हुए दबाव को कम करने में सहायता कर रहा है जिसका सामना व्यक्ति तथा परिवार कर रहे हैं तथा उनको अपने प्रियजनों की देखभाल करने का हरेक मौका दे रहा है:

- नए सीन्यरज़ हेल्थी होम प्रोग्राम (Seniors' Healthy Home Program) की शुरुआत करके। यह वृद्ध बुज़ुर्गों के घर पर, जहाँ वे रहना चाहते हैं, से संबंधित लागतों को पहचानता है। यह 75 साल या उस से अधिक उम्र के बुज़ुर्गों की अगवाई वाले योग्य घरों के लिए उनको स्वावलंबन से रहने तथा उनके घर की देख रेख की लागतों में सहायता करने के लिए $750 तक का सालाना लाभ मुहैया करता है।

- एक नए ओंटारियो ड्रग तथा डैंटल प्रोग्राम की शुरुआत करके, जो कार्यस्थल में सेहत संबंधी लाभों के बिना या OHIP+ या दूसरे सरकारी प्रोग्रामों के द्वारा कवर नहीं किए जाने वाले लोगों के लिए हर साल योग्य निर्धारित दवाओं तथा दंत्य खर्चों का 80 प्रतीशत, प्रति अकेले व्यक्ति के लिए $400, प्रति जोड़े के लिए $600 तथा दो बच्चों वाले चार लोगों वाले परिवार के लिए $700 तक वापस करता है। .
- ढाई साल की उमर के बच्चों के लिए उनके किंडरगार्टन के लिए योग्य हो जाने तक प्रीस्कूल चाइल्ड केयर को नि:शुल्क बना कर बच्चों की किफायती, गुणवत्ता वाली, देखभाल मुहैया करके। यह एक बच्चे वाले परिवार के लिए औसतन $17,000 बचाता है तथा उन बचतों को बढ़ाता है जो परिवार फुल-डे किंडरगार्टन से प्राप्त करते हैं। आरंभिक शिक्षा ने बच्चों के पूरे जीवनों में उनके अकादमिक प्रदर्शन को सुधारने को प्रमाणित किया है।
- सारे ओंटारियो में लाखों और ज़्यादा बच्चों, नवयुवकों तथा बालिगों के लिए मानसिक सेहत तथा लतों संबंधी सेवाओं तक बेहतर तथा तीव्रतर पहुंच मुहैया करके - कुल वित्त पोषण को चार सालों में $17 बिलियन से अधिक तक लाते हुए।
- देखभाल तक बेहतर पहुंच मुहैया करके, प्रतीक्षा के समयों को कम करके, सामर्थ्य संबंधी मुद्दों को सम्बोधित करके तथा ओंटारियो की बढ़ती तथा वृद्ध हो रही आबादी की जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा करके 2018 – 19 में $822 बिलियन के अतिरिक्त निवेश – लगभग एक दशक में अस्पतालों में सबसे बढ़ा अकेला सरकारी निवेश – के द्वारा अस्पतालों में सुधार करके। प्रांत लोगों के लिए और अधिक तथा तीव्रतर सेहत देखभाल प्रदान करने के लिए अस्पतालों का निर्माण करने तथा उनको नया करने के लिए अगले 10 सालों में लगभग $19 बिलियन का निवेश भी कर रहा है।
- अगले 10 सालों में 30,000 नए लौंग- टर्म केयर बेड तैयार करके – 2022 तक 5,000 नए बेड जोड़ना - ऐसे लोगों की मदद करने के लिए जो अब स्वावलंबन से नहीं रह सकते तथा उनकी देखभाल करने वाले लोगों के लिए मन की शांति प्रदान करने के लिए। यह नए बेड पुनः विकसित किए जा रहे 30,000 मौजूदा बेडों के अलावा हैं।
- विकास संबंधी विकलांगताओं वाले 47,000 बालिगों के लिए सेवाओं को मज़बूत करने के लिए तथा समाजिक सहायता सिस्टम को असूलों तथा नियमों की बजाए लोगों पर ध्यान केंद्रित कर के लिए बदलने के लिए $1.8 बिलियन का निवेश करके न्याय संगत समाज का निर्माण करके तथा चुनाव तथा

स्वावलंबन को बढ़ा कर।

## जीवन को और अधिक वहन करने योग्य (affordable) बनाना

परिवार बढ़ते हुए दबावों का सामना कर रहें हैं - यदि वह काम पर या उनके रोज के आने जाने पर या उनकी पाकिटबुक में - तथा इसका लोगों के जीवनों पर तथा हमारे प्रियजनों की देखभाल करने की सामर्थ्य पर वास्तविक प्रभाव हो रहा है। ओंटारियो जीवन को और अधिक वहन करने योग्य (affordable) बनाने तथा तेज़ आर्थिक तबदीली के समय में और अधिक वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के लिए कदम उठा रहा है:

- OHIP+ के द्वारा 65 साल तथा उस से अधिक उम्र के सारे लोगों के लिए निर्धारित दवाओं को पुरी तरह नि:शुल्क बना कर, यह सुनिश्चित करते हुए कि किसी भी बुज़ुर्ग नागरिक को कभी भी जरूरी दवाओं के बिना रहने की जरूरत ना हो। ओंटारियो ड्रग बेनेफिट की सालाना कटौती तथा को-पे को खतम करके, यह ओंटारियो के सामान्य बुज़ुर्ग के लिए प्रति वर्ष $240 की बचत करता है। OHIP+ में यह विस्तार *2107 ओंटारियो बजट* में 25 साल से कम उम्र के हरेक व्यक्ति के लिए नि:शुल्क निर्धारित दवाओं की शुरूआत के बाद आ रहा है।

- एक पब्लिक ट्रैन्ज़िट टैक्स क्रेडिट मुहैया करके, जो 1 जुलाई, 2017 से बुज़ुर्गों के लिए प्रति वर्ष $450 कर की बचत करता है, तथा गो/अप (UP) ऐक्स्प्रेस नेटवर्क तथा टीटीसी के बीच ट्रान्सफर करने वाले  आम कम्यूटर के लिए रोज आने जाने की लागत में प्रति वर्ष लगभग $720 की कमी करके।

- 1 जुलाई, 2017 से बिजली के आवासीय बिलों में औसतन 25 प्रतीशत की तथा योग्य देहाती तथा कम आमदनी वाले परिवारों के लिए 40 से 50 प्रतीशत की कटौती करके।

## लोगों के लिए अवसरों की सिरजना करना

ओंटारियो यह सुनिश्चित करने के लिए लोगों को बदल रही अर्थव्यवस्था में ढलने तथा फलने फूलने में सहायता कर रहा है कि प्रांत रहने, काम करने तथा व्यापार करने के लिए सब से सबसे अच्छी जगह होना जारी रहे। कार्यों में शामिल हैं:

- सारी उम्रों के 225,000 से अधिक छात्रों के लिए कॉलेज तथा युनिवर्सिटी ट्यूशन फीस को नि:शुल्क करना। कम तथा मध्य आमदनी वाले परिवारों के छात्रों के लिए नि:शुल्क या कम ट्यूशन उपलब्ध है; $90,000 तक कमाने वालों के लिए ट्यूशन नि:शुल्क है तथा $175,000 तक

कमाने वाले परिवारों के छात्र भी वित्तीय सहायता के लिए योग्य हैं।

- तीन सालों में ऐसे पोस्ट सेकन्डेरी शिक्षा प्रोग्रामों को विकसित करने के लिए $132 मुहैया करके छात्रों को अच्छी नौकरियों के लिए तैयार करना जो छात्रों तथा नियोक्ताओं की बदलती जरूरतों के अनुकूल हैं - जिस में शामिल हैं स्थानीय नियोक्ताओं के साथ भागीदारीयों को मज़बूत करना, अधिक  लचकीली तथा अनुभव संबंधी शिक्षा पेश करना, तथा साइअन्स, टेक्नालजी, एन्जनिरिंग तथा मैथमैटिक्स (STEM) ग्रैजूऐटों की संख्या में अगले पाँच सालों में 25 प्रतीशत, प्रति साल 40,000 से 50,000 तक की वृद्धि करना।
- अगले 10 सालों में $900 मिलियन की वृद्धि के साथ जौबज़ ऐंड प्रास्पेरिटी फंड (Jobs and Prosperity Fund) को नया करके तथा बढ़ा कर 70,000 से अधिक नौकरियों का सर्जन करने तथा उनको बनाए रखने की योजना बनाना।
- ओंटारियो के व्यवसायों, छात्रों तथा ग्रैजूऐटों को सहारा देने के लिए तथा अच्छी, अच्छा भुगतान करने वाली नौकरियों को आकर्षित करने में मदद करने के लिए गुड जौबज़ ऐंड ग्रोथ प्लैन के द्वारा तीन सालों में नए वित्त पोषण में $935 मिलियन मुहैया करना।
- लिंगों में वेतन संबंधी फासले के साथ निपट कर तथा प्रस्तावित कानून, जो यदि वो पास हो जाता है, यह अपेक्षा करेगा कि सार्वजनिक रूप से पोस्ट की गई सभी नौकरियों में वेतन का रेट या वेतन का स्केल शामिल हो, के साथ भरती किए जाने की प्रक्रियाओं में पारदर्शिता को बढ़ा कर कार्यस्थलों को और अधिक निष्पक्ष बनाना।
- 1 जनवरी, 2018 को न्यूनतम वेतन को $14 प्रति घंटे तक तथा 1, जनवरी, 2019 को $15 प्रति घंटे तक बढ़ा कर सारे ओंटारियो में 1.2 मिलियन लोगों के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित वृद्धि मुहैया करना।

प्रांत ने मंदी के बाद हर साल उसके वित्तीय लक्ष्यों को पराजित किया है, तथा 2017-18 में अधिशेष का पूर्वानुमान कर रहा है। 2018 - 19 में शुरुआत करके, ओंटारियो ऐसी देखभाल तथा सेवाओं में और अधिक निवेश करने का चुनाव कर रहा है जिन पर इस प्रांत के लोग निर्भर करते हैं। नतीजतन, प्रांत को जीडीपी के एक प्रतीशत से भी कम के मामूली घाटे होंगे। बजट प्रांत के जिम्मेदार वित्तीय प्रबंधन के लंबे ट्रैक रिकॉर्ड पर निर्भर करते हुए, 2024 - 25 तक संतुलन तक वापसी के पथ की रूपरेखा देता है।

## उद्धरण

“ओंटारियो की अर्थव्यवस्था मज़बूत हो रही है, व्यवसाय रिकॉर्ड संख्या में नौकरियों का सर्जन कर रहे हैं तथा बेरोज़गारी की दर लगभग दो दशकों में सब से कम दर पर है। हमारा बजट संतुलित है। हमारे पास $600 मिलियन का अधिशेष है। अब, हम अपनी मज़बूत वित्तीय स्थिति का उपयोग जीवन को परिवारों के लिए और अधिक वहन करने योग्य (affordable) बनाने के लिए तथा सारे प्रांत में व्यवसायों के लिए नए अवसरों का सर्जन करने के लिए कर रहे हैं। बजट 2018 में और अधिक परिवारों को आगे बढ़ने में मदद करने कि लिए सेहत देखभाल, चाइल्ड केयर तथा बुज़ुर्गों की देखभाल में नए निवेश शामिल होंगे।”
— चार्ल्स सूज़ा, वित्त मंत्री

## त्वरित तथ्य

- सरकार प्राथमिकता वाले क्षेत्रों जैसे कि सेहत देखभाल, शिक्षा, चाइल्ड केयर, बुज़ुर्गों, समाजक सेवाओं, अर्थव्यवस्था को बढ़ाने तथा अच्छी नौकरियों का सर्जन करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए अगले तीन सालों में उन महत्वपूर्ण सेवाओं को सहारा देने के लिए $20.3 बिलियन के नए निवेश करने का चुनाव कर रही है जिन पर ओंटारियो में लोग निर्भर करते हैं।
- मंदी के बाद से, ओंटारियो की अर्थव्यवस्था में 800,000 से अधिक असल नई नौकरियों की वृद्धि हुई है। बेरोज़गारी की दर नियमित रुप से फरवरी 2018 में 17 सालों में सब से कम तक घटी है, तथा 34 सिलसिलेवार महीनों के लिए राष्ट्रीय औसत से कम रही है।
- 2014 से ओंटारियो की अर्थव्यवस्था कनाडा तथा बाकी सारे जी7 देशों से अधिक बढ़ी है।

## अतिरिक्त साधन

- *2018 ओंटारियो बजट: देखभाल और अवसर के लिए एक योजना* पढ़ें
  - सरकार की योजना के बारे में और अधिक विवरणों के लिए, तथ्य पत्रक पढ़ें:
    - 2018 ओंटारियो बजट: 10 मुख्य हाइलाइट
    - प्रतिदिन जीवन को और अधिक वहन करने योग्य (affordable) बनाना
    - और अधिक चाइल्ड केयर, और अधिक विकल्प
    - ओंटारियो के बुज़ुर्गों की देखभाल करना
    - सेहत देखभाल तक तीव्रतर, बेहतर पहुँच

- देखभाल के लिए योजना
- ओंटारियो की प्रतिस्पर्धाक सामर्थ्य को बढ़ाना तथा अच्छी नौकरियों का सर्जन करना
- ओंटारियो के आर्थिक तथा वित्तीय केंद्र बिंदु

---

**केवल मीडिया पूछताछ के लिए:**

Jessica Martin, Minister’s Office
jessica.martin@ontario.ca, 416-212-5181

Scott Blodgett, Ministry of Finance
scott.blodgett@ontario.ca, 416-325-0324

**ontario.ca/finance**

*Disponible en français*